दिनांक : 09.06.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री- शासन के 11 वर्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री 11 साल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के आज सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूर्ण हुए. वर्तमान का दौर भारत का स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री ने जो कार्य किये हैं वह, न भूतो न भविष्यति है। मैं मध्यप्रदेश सरकार की ओर से उन्हें बधाई देता हूँ तथा उम्मीद करता हूँ कि 2029 में भी मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे।

नड्डा-11 वर्ष

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बेहतर सुशासन की राजनीति और जिम्मेदार तथा जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है।

माई जी ओ वी- प्रतियोगिता

भारत सरकार के नागरिक सहभागिता मंच माई जी ओ वी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के ग्यारह साल के समर्पित शासन के अवसर पर प्रतियोगिता की एक विशेष श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माई जी ओ वी के सहयोग से देश के सभी नागरिकों को "बदलता भारत मेरा अनुभव - ब्लॉग लेखन प्रतियोगिता" में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इसके अलावा, बदलता भारत मेरा अनुभव पर एक मिनी ब्लॉग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है । भारत के बढ़ते कदम - एक जनभागीदारी- फोटो प्रतियोगिता भी है । इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 20 तारीख है।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों दो प्रकार का मौसम है. दक्षिणी हिस्से में आज आंधी-बारिश की चेतावनी है, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत बाकी जिलों में गर्मी का असर रहेगा। इसी तरह, कल और 11 जून को ग्वालियर-चंबल संभाग में लू चलने का अनुमान है। इससे पहले कल रविवार को प्रदेश में दिन का तापमान 44 डिग्री पार पहुंच गया, जबकि 21 शहर ऐसे रहे, जब तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में...

- आगर मालवा में विधायक मधु गहलोत व नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल ने वाहन को हरी झंडी नगर पालिका द्वारा शुरू किये गए रोटी रथ योजना की शुरुआत की।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया ब्लॉक के ग्राम रिछेड़ा और तरोनकला में विकसित कृषि संकल्प अभियान के 11वें दिन किसानों के लिए वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और

- शिवपुरी जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न अकादमियों द्वारा 11 जून से टैलेंट सर्च ट्रायल का आयोजन किया जायेगा।

नमस्कार।

....